D-9
2016

# INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH

## TERM EXAMINATION (2019-20)

| | | |
|---|---|---|
| HINDI-B | Duration: 3 hours | Class: X |
| Date: 20-6-2019 | Max. Marks: 80 | Set-A |

**निर्देश:**

(1) इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड है: क,ख,ग और घ।

(2) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिये।

**खण्ड क(अपठित बोध)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

*साहस की ज़िंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी होती है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न ही अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं। साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। साहस के साथ यदि धैर्य का संयोग हो तो इसे मणिकांचन योग माना जाता है। जीवन में जब विपरीत परिस्थितियाँ आएँ तो हमें साहस और धैर्य से उनका सामना करना चाहिए। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'असमय के सखा' के रूप में धैर्य और साहस दोनों को बनाए रखने पर बल दिया है।*

(*i*) साहस की ज़िंदगी कैसी होती है? साहसी व्यक्ति की पहली पहचान क्या है? 2

(*ii*) कैसा व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है और क्यों? 2

(*iii*) क्रांति करने वाले लोगों की विशेषताएँ लिखिए। 2

(*iv*) साहस और धैर्य के संबंध की तुलना किससे की गई है? स्पष्ट कीजिए। 2

(*v*) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

आँखें खोलकर ज़रा देख तो सही
तेरा देवता देवालय में नहीं है।
जहाँ मज़दूर पत्थर तोड़ कर रास्ता तैयार कर रहे हैं
तेरा देवता वहीं चला गया है।
वे धूप-बरसात में एक समान तपते-झुलसते हैं,
उनके दोनों हाथ मिट्टी से सने हैं
उनकी तरह सुंदर परिधान त्याग कर मिट्टी भरे रास्तों से जा।
तेरा देवता देवालय में नहीं है।
भजन, पूजन, साधना को किनारे रख दे।
मुक्ति! मुक्ति अरे कहाँ है?
कहाँ मिलेगी मुक्ति?
अपने सृष्टि-बंध से प्रभु स्वयं बँधे हैं।
ध्यान-पूजा को किनारे रख दें,
फूल की डाली को छोड़ दे,
वस्त्रों को फटने दे, धूल-धूसरित होने दे,
उनके साथ काम करते हुए पसीना बहने दे।

(i) कवि किस आडंबर को त्यागने के लिए कह रहे हैं और क्यों? (2)

(ii) 'फूल की डाली छोड़ने' से कवि का क्या अभिप्राय है? (2)

(iii) काव्यांश में क्या संदेश दिया गया है? (2)

## <u>खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)</u>

**3. (क) शब्द और पद का अंतर स्पष्ट कीजिए।** (2)

**(ख) <u>निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए:</u>** (3)

1. हमारे बाहर निकलते ही बारिश आ गई। (संयुक्त वाक्य)
2. मेरे साथ चलने वाला मज़े करेगा। (मिश्र वाक्य)
3. जिस आदमी ने चोरी की, वह पकड़ा गया है। (सरल वाक्य)

**4. (क) समस्त पदों का विग्रह क्र समास का नाम बताइए:** (2)

राजपुत्र , चवन्नी

**(ख) समस्त पद बनाकर समास का नाम बताइए:** (2)

चन्द्र है शिखर पर जिसके, जितना संभव हो

**5. (क) <u>निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:</u>** (4)

1. क्या आप खाना खा लिए हैं?
2. कितना सुन्दर चित्र है ये!
3. हलवाई ने मुझे दूध पिया।
4. जैसा देश, ऐसा भेष।

**(ख) <u>दिए गए मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए:</u>** (2)

1. पापड़ बेलना
2. आँखें भर आना

## <u>खंड- ग (पाठ्य पुस्तक)</u>

**6. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u>** (2+2+1)

1. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?
2. बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों?
3. कलकत्ता के लोगों ने किस दिन को अमर बनाने की तैय्यारियाँ की थी?

**7. बड़े भाई साहब की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।** (5)

**अथवा**

**निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबरियों का क्या विश्वास है?**

**8. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u>** (2+2+1)

1. ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते?
2. मीरा बाई श्री कृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार है?
3. 'सहस्र दृग-सुमन' से क्या तात्पर्य है?

**9. 'पर्वत प्रदेश में पावस' नामक कविता का प्रतिपाद्य/कथ्य अपने शब्दों में लिखिए।** (5)

**अथवा**

**'तोप' कविता के माध्यम से आपको तोप के विषय में क्या जानकारी मिलती है?**

**10. 'हरिहर काका' के आधार पर गाँव की ठाकुरबारी का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।** (5)

**अथवा**

**अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।**

## खंड-घ (लेखन)

11.

. दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

(क) छात्रों में अनुशासनहीनता

संकेत-बिंदु : • अनुशासनहीनता के कारण • अनुशासनहीनता से हानि • दूर करने के उपाय

(ख) परीक्षा समाप्त होने पर

संकेत-बिंदु : • क्या करना चाहेंगे? • क्यों करना चाहेंगे? • कैसे करना चाहेंगे?

(ग) एक अच्छा दोस्त

संकेत-बिंदु : • अच्छे दोस्त की पहचान • दोस्त का कर्तव्य • दोस्त का महत्व

12. नया मोबाइल फ़ोन खरीदने के बारे में माँ और पुत्र के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए। (5)

13. आपके शेहर में साड़ियों की सेल लगी है।  सके लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

14. आपकी परिक्षाए नज़दीक है, प्रतिदिन कई-कई घंटे बिजली चली जाती है। अत: बिजली अधिकारी को इसकी शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए। (5)

15. आप C.S.A. पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य है। विद्यालय में लेखन प्रतियोगिता होने जा रही है। छात्रों हेतु सूचना जारी कीजिए। (5)

******************************************************************************